26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 13 अप्रैल, 2026

अंक- 168 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

### अमेरिका-ईरान में तनाव बढ़ने से शेयर बाजारों में शुरुआती गिरावट

अमेरिका और ईरान के बीच हार्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव बढ़ने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों और रुपये में शुरुआती गिरावट देखी गयी।

# अमेरिका आज से करेगा होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी

## ट्रम्प बोले- ईरान की नौसेना खत्म, 158 जहाज तबाह

**तेल अवीव (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका आज से होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी लागू करने जा रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से ईरान के बंदरगाहों की ओर आने-जाने वाले जहाजों को रोका जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। ट्रम्प के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं। उधर, नाकेबंदी के ऐलान के बाद वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल आया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 104 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोबारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि सभी विकल्प खुले हैं और हालात के हिसाब से आगे का फैसला लिया जाएगा। ट्रम्प ने चीन को भी साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50 प्रतिशत तक भारी टैरिफ लगा देगा।



बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## इंक्रीमेंट को लेकर नोएडा में कर्मचारियों का प्रदर्शन तीसरे दिन हुआ उग्र

# गाड़ियों में की तोड़फोड़, आगजनी व पथराव

**नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** नोएडा के फेज-2 इलाके में पिछले तीन दिनों से चल रहा प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन आज अचानक उग्र हो गया। वेतन बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर बड़ी संख्या में कर्मचारी सुबह से ही सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए हल्के बल का प्रयोग किया। जिसके बाद देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और प्रदर्शनकारियों ने गुस्से में आकर पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके अलावा कई अन्य गाड़ियों में भी आग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-84 क्षेत्र में कम से कम दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं फेज-2 के अलग-अलग इलाकों में कर्मचारियों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। प्रदर्शनकारी लंबे समय से वेतन वृद्धि और कामकाजी परिस्थितियों में सुधार की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि महंगाई के दौर में मौजूदा सैलरी पर्याप्त नहीं है, जिससे उनका जीवनयापन प्रभावित हो रहा है। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की गई। हालांकि, जब भीड़ काबू से बाहर होती दिखी, तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर तितर-बितर किया। इसके बाद कई स्थानों पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे, लेकिन इलाके में तनाव अब भी बना हुआ है। इससे एक दिन पहले जिला प्रशासन, पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों ने कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की थी।



जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

रविवार अवकाश

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# गुरुद्वारा में निशान साहिब का चोला परिवर्तित किया

## कल मनाया जायेगा खालसा पंथ साजना दिवस


निशान साहब का चोला परिवर्तित करते हुए संगत

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैशाखी पर्व के अंतर्गत आयोजित कीर्तन दरबार में गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरमुख परिवारों का आवाहन किया कि वह अपने बच्चों को अमृत पान कराकर खालसा स्वरूप दिलाने का संकल्प लें। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत सरदार कमलजीत सिंह सलूजा एवं बीबी तेजिंदर कौर सलूजा, सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा, प्रिंस सलूजा एवं बीबी अमरजीत कौर सलूजा को सरोपा भेंट करके सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने गुरु घर की सेवा की प्रशंसा करते हुए सच्चे पातशाह वाहेगुरु जी के चरणों से समूचे परिवार को चढ़दी कला में बनाए रखने की अरदास की।

उन्होंने बताया कि आज 13 अप्रैल को गुरुद्वारा परिसर में स्थापित निशान साहिब जी के चोला परिवर्तन की रस्म अदाएगी की गई तथा 14 अप्रैल को गुरुद्वारा के दीवान हाल में विशाल स्तर पर बैसाखी का महापर्व खालसा पंथ साजना दिवस के रूप में आयोजित होगा ।

## कल मनाया जायेगा खाटू श्याम का आराधना महोत्सव

धामपुर (चिंगारी)। श्री श्याम मित्र मंडल ग्राम चक शाहजानी द्वारा श्री खाटू श्याम जी का तृतीय भव्य आराधना महोत्सव 14 अप्रैल 2026 को सायं 07 बजे से प्रभु इच्छा तक मां चामुण्डा देवी मंदिर के पास ग्राम चक शाहजानी में होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि स्वयं श्री श्याम रहेगें। श्री श्याम आराधना महोत्सव में मुख्य आकर्षण अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग, पुष्प वर्षा, भव्य दरबार, इत्र वर्षा रहेंगे। भजन प्रवाहक सनी चड्डा मुरादाबाद, रिया अग्रवाल धनौरा, छोटी सपना मुरादाबाद द्वारा श्याम भजनों का गुणगान किया जाएगा।



## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाएंः थाना प्रभारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। अंबेडकर जयंती को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंडावली थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मनाएं। नई परंपरा बिल्कुल शुरू ना करे। क्षेत्र के गांवों जहां पर जुलूस निकाले जाते है, परंपरागत मार्ग से जुलूस को निकाले। हुड़दंग करने वालो के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान ना दे। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि शासन–प्रशासन का सहयोग कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उनके बताए गए मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित भी किया। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के संचालन में बैठक को अरुण कुमार, दलीप कुमार, कन्हैया लाल, मास्टर ब्रह्मपाल सिंह, मास्टर फरीद अहमद आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर एसआई महेश कुमार, लखन लाल, सोनू कुमार सहित डॉ. रूपराम सिंह, माजिद हुसैन, मोहम्मद शाहिद, कुलदीप त्यागी, नौबहार सिंह, राकेश प्रजापति, अमित कुमार, अर्जुन सिंह आदि क्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# दूधिया रोशनी में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में कल आयोजित हुये पांच मैच

**धामपुर ( चिंगारी )।** केएम इंटर कॉलेज में हो रहे नाइट टूर्नामेंट में ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। मैच को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमी युवा रात को कॉलेज के मैदान में पहुंच रहे हैं। बी एस क्रिकेट क्लब धामपुर की ओर से सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल टूर्नामेंट में रविवार को 5 मैचों का आयोजन किया गया। पहला मैच ग्राम बमनोली व धामपुर फ्लेम्स के बीच हुआ, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्राम बमनौली ने मात्र 81 रन का लक्ष्य दिया। जिसको धामपुर फ्लेम्स के सत्यम चौहान और जीशान ने मात्र पांच ओवर में ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके दो ओवर में 52 रन पावरप्ले में ही बना डाले। धामपुर फ्लेम ने सात विकेट से मैच जीत लिया। कप्तान यश रस्तोगी की अगुवाई में टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरा मैच डीएसएम धामपुर व नजीबाबद क्लब के बीच हुआ, जिसमें डीएसएम धामपुर कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई और 60 रनों पर ही सिमट गई। नाजीबाबाद के बल्लेबाजों ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुये 3 ओवर में ही मैच को जीत लिया। तीसरा मैच धामपुर फ्लेम्स बी और मिलक जहांगीराबाद के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए धामपुर फ्लेम्स के बल्लेबाजों ने बहुत ही बढ़िया बैटिंग की और चौके छक्कों की बरसात लगा दी और मिलक जहांगीराबाद को 126 रन का टारगेट दिया। मिलक जहांगीराबाद की टीम मात्र 71 रन पर ही सिमट गई और मैच को हार गई। चौथा मैच संभल क्लब व ग्राम बनी गणेश के बीच हुआ जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुये संभल क्लब ने 121 रन बनाए। ग्राम बनी गणेश की टीम मात्र 52 रन ही बना पायी और मैच हार गई। पांचवा मैच नजीबाबाद व ग्राम हबीबवाला के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुये हबीबवाला की टीम मात्र 87 रनों पर सिमट गई 87 रन के लक्ष्य को नजीबाबाद क्लब ने आसानी से हासिल कर लिया और मैंच को जीत गई। कप्तान फरमान ने बहुत अच्छी चतुराई से कप्तानी करते हुये अपने टीम को जीत हसिल कराई। मैच के अंपायर आमिर अंसारी एडवोकेट व फरमान खान रहे।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें– मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में 16 अप्रैल को नहटौर में होगा भव्य कार्यक्रम

## विधायक ओम कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी



**नहटौर ( चिंगारी )।** संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डा. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाने की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। इस उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार द्वारा नहटौर के एस.एन.एस.एम. इंटर कालेज के प्रांगण में 16 अप्रैल को सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। विधानसभा स्तरीय इस कार्यक्रम के संबंध में ओम कुमार ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की। बताया कि बाबा साहेब की जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनायी जायेगी। 16 अप्रैल को प्रात: 9:30 बजे से त्यागी इंटर कालेज में भव्य कार्यक्रम होगा। जिसमें बाबा साहब के महान विचारों, उनके संघर्षमय जीवन एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए विभिन्न कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।

# दिगम्बर की मुहिम लाई रंग, बिजनौर वालों ने जीती जंग

## बिजनौर से होकर हरिद्वार तक जायेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंगा एक्सप्रेस-वे से बिजनौर को जोड़ने की भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक की युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौ. दिगम्बर सिंह तथा कुछ अन्य संगठनों व जनपदवासियों की मुहिम रंग ले आयी है। अब गंगा एक्सप्रेस-वे का बिजनौर होकर हरिद्वार तक विस्तार होने जा रहा है। इसके लिये यूपी एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डवलमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की ओर से प्रक्रिया शुरू की गई है। नये एलाईमेंट के अनुसार गंगा एक्सप्रेस-वे अमरोहा से बिजनौर होते हुए हरिद्वार तक जायेगा। अमरोहा के 62, बिजनौर जनपद के 117 और हरिद्वार के 25 गांव इससे जुड़ेंगे। गंगा एक्सप्रेस-वे का यह विस्तार विदुर कुटी और कण्व ऋषि आश्रम से भी टच करेगा। कुल 146.240 किलोमीटर तक यह विस्तार होगा, जिसमें यूपी के अमरोहा व बिजनौर में 116.85 किमी. तथा उत्तराखण्ड के हरिद्वार में 29.39 किमी. एक्सप्रेस-वे बनेगा। इस नये एलाईमेंट को मंजूरी मिल चुकी है। यूपीडा ने नये एलाईमेंट के तहत इस मार्ग की डीपीआर तैयार करने का काम एसए इंफ्रास्ट्रेक्चर प्रा.लि. नोएडा को सौंपा है।

बता दें कि गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने की मांग को लेकर किसान नेता दिगम्बर सिंह ने जबरदस्त मुहिम चलायी थी। जिसके तहत चार लाख से अधिक पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजे गये थे। कुछ सामाजिक संगठनों ने भी मुहिम में सहयोग किया था।

## सूचना

मेरी पत्नी आयशा खातून पुत्री छुन्नू खां मेरे कहने में नहीं है। अत: मैं अपनी पत्नी व बच्चों से अपने सभी प्रकार के संबंध खत्म करता हूं। उनका मेरी चल व अचल सम्पत्ति पर भी कोई अधिकार नहीं रहेगा। उनके द्वारा किये गये कार्यों व लेनदेन के प्रति मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **-नासिर अहमद पुत्र अब्दुल वहीद निवासी मोहल्ला कबीरनगर कस्बा व थाना नूरपुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर ( उ.प्र. )**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## मनरेगा बनाम जी-राम-जी

इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि कांग्रेसनीत संप्रग सरकार की मनरेगा योजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा पूरे परिदृश्य को बदलने में उल्लेखनीय भूमिका अदा की थी। इससे गांवों से शहरों को पलायन थमा था, गांवों को अकाल, भूख व शोषण से मुक्ति मिली थी तथा गांवों के साथ ही शहरों में असंगठित व शारीरिक श्रम करने वालों की मजदूरी बढ़ी थी। मनरेगा से दलितों, आदिवासियों व खासकर महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ था। उधर, भाजपा शुरुआत से ही इस कार्यक्रम की विरोधी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से भाषण देते हुए इसे 'कांग्रेस की मूर्खता के प्रमाण के रूप में जीवित रखने' की बात कही थी। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बाद लागू लॉकडाउन में मनरेगा ने ग्रामीण आजीविका में असाधारण योगदान दिया था जिससे तब भाजपा इसे समाप्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई थी, लेकिन अब उसने थोड़ा टेढ़े रास्ते से इसे समाप्त करने की घोषणा कर दी। मनरेगा की जगह आई जी-राम-जी योजना खेती में कटाई और बुआई के समय लगभग 60 दिनों तक स्थगित रहेगी जिसका अर्थ है कि बड़े और मझोले किसानों को मजदूरी के लिये खेतिहर मजदूर मिलेंगे। हालांकि, भाजपा ने तेजी से कानून पास कर इसके माध्यम से 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार देने, मजदूरी व काम में पूरी पारदर्शिता बरतने तथा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की घोषणा की थी। यह देखना होगा कि कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ अभियान' किस स्तर तक प्रभावी होगा और क्या यह सचमुच सरकार को नया कानून वापस लेने व मनरेगा बहाल करने पर उसी प्रकार मजबूर कर सकेगा जैसा कि तीन कृषि कानूनों के मामले में हुआ था? दोनों मामलों में स्पष्ट अंतर है क्योंकि किसानों की तरह मनरेगा लाभार्थियों का कोई स्पष्ट समूह नहीं है तथा यह अनेक पंचायतों में व्यापक भ्रष्टाचार का माध्यम भी रहा है। विडंबना है कि कांग्रेसनीत संप्रग सरकार ने समय रहते मनरेगा की कमियां दूर नहीं की जिसके चलते आज भाजपा सरकार को इसके खिलाफ कदम उठाने का मौका मिल गया। 'मनरेगा बचाओ अभियान' कांग्रेस को उस रक्षात्मक स्थिति से बाहर निकालने तथा भाजपा के खिलाफ आक्रामक तेवर दिखाने का मौका दे सकता है।

# वीआईपी दर्शन के बढ़ते चलन में आम श्रद्धालु कहां खड़ा है?

भारत जैसे देश में, जहां धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहां मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। भगवान के दरबार में सब बराबर हैं-यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्न चिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं। देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नज़र में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।



आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है- विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक प्रीमियम सेवा बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक, और अब मंदिरों तक मिडिल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है। वीआईपी संस्कृति के पक्ष में तर्क दिया जाता है कि इससे मंदिरों को अतिरिक्त राजस्व मिलता है, जिससे उनकी व्यवस्था और सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सकता है। यह तर्क कुछ हद तक सही भी है। बड़े मंदिरों में रोजाना लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिनकी व्यवस्था करना आसान नहीं होता। ऐसे में यदि कुछ लोग अतिरिक्त शुल्क देकर अलग व्यवस्था चाहते हैं, तो उससे प्राप्त धन का उपयोग सार्वजनिक सुविधाओं में किया जा सकता है।

लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब यह व्यवस्था असंतुलित हो जाती है। जब वीआईपी सुविधाएं इतनी अधिक हो जाती हैं कि आम श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध संसाधन और समय कम पड़ने लगते हैं, तब यह एक प्रकार का अन्याय बन जाता है। कई बार देखा गया है कि वीआईपी दर्शन के लिए सामान्य कतारों को रोका जाता है, जिससे आम लोगों का इंतजार और बढ़ जाता है। इससे असंतोष और आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है। इसके अलावा, मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है। धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है। इस समस्या का समाधान आसान नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। सबसे पहले, मंदिर प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वीआईपी सेवाओं की संख्या और प्रभाव सीमित रहे। इन सेवाओं का उद्देश्य केवल अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, न कि आम श्रद्धालुओं के अधिकारों को कम करना।

दूसरा, भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। ऑनलाइन बुकिंग, टाइम स्लॉट सिस्टम, और डिजिटल कतार प्रबंधन जैसे उपायों से भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। इससे सभी श्रद्धालुओं को एक व्यवस्थित और सम्मानजनक अनुभव मिल सकता है।

तीसरा, कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों को संवेदनशीलता और शिष्टाचार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। हर श्रद्धालु, चाहे वह वीआईपी हो या आम व्यक्ति, सम्मान का पात्र है। यह भावना केवल नीतियों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए। चौथा, सरकार और संबंधित ट्रस्टों को इस मुद्दे पर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए। धार्मिक स्थलों पर समानता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। अंततः, यह भी जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है। आज समय आ गया है कि हम यह सोचें कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। क्या हम ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहां भगवान के दर्शन भी पैसे और पहुंच के आधार पर तय होंगे? या हम उस मूल भावना को बचाए रखेंगे, जिसमें हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो?



मंदिरों की पवित्रता केवल उनकी भव्यता या व्यवस्था से नहीं, बल्कि वहां मिलने वाले अनुभव से तय होती है। यदि वह अनुभव भेदभाव और असमानता से भरा होगा, तो आस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी, इसलिए यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है-जहां सब बराबर हैं।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ,** पीएचडी (राजनीति विज्ञान)
एक कवि और सामाजिक विचारक हैं।

# बदलते दौर में अपनों से ही दूर हो रहे हैं अपने

समाज, परिवार में कुछ ऐसी अनचाही बातें हो जाती हैं जिनसे हम अपनों से दूर हो जाते हैं, जिसके बाद पछतावे के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता, जिनमें सबसे पहले नंबर आता है गलतफहमी का। गलतफहमी एक ऐसी चीज़ है जो अपनों को अपनों से दूर कर देती है। एक गलतफहमी की वजह से ही मुझे अपने एक दोस्त से दूर होना पड़ा है, जिसका मुझे अब तक मलाल है।



दूसरी चीज़ जो है वो है हमारा अव्यवहारिक होना, जो भौतिक चीज़ों को पाने की होड़ रखने के लिए हमें व्यावहारिक या यूं कहें कि मतलबी बनाता है।

तीसरी चीज़ जो हमें अपनों से दूर करती है वो है पैसा। पैसों का लेन-देन दो इंसानों के बीच में हमेशा दरार पैदा करता है। जैसे सांझा व्यापार में भले ही कितनी भी ईमानदारी रखें, लेकिन आपके साझेदार के मन में कभी न कभी शक पैदा हो ही जाता है और ऐसा ही आपका मन भी आपके साझेदार के प्रति हो सकता है। किसी अपने को उधार में पैसा देना या उससे लेना मतलब उसे अपने से दूर करना है।

एक और चीज़ जो अपनों के प्रति मन मुटाव का कारण बनती है, आसानी है रिश्तों का सम्मान न करना। मनुष्य की आदत होती है कि वह उस चीज़ की परवाह नहीं करता जो उसे मिल जाए। जब कोई किसी को अपना समझता है तो साथ ही वह यह भी उम्मीद करता है कि वो उसकी परवाह करे, लेकिन जब यह उम्मीद टूटती है तो रिश्ते बिखर जाते हैं।

आज की बदलती दुनिया में ऐसा होना आम हो गया है, जिसके चलते परिवार, समाज में अपनों से ही दूरियां बन जाती हैं और अपनों से दूर होते चले जाते हैं। आज के दौर में पारिवारिक रिश्तों में बिखराव आम होता जा रहा है।

**-रामेंद्र कुमार विश्वकर्मा**
पत्रकार, नजीबाबाद

# लखनऊ में प.उ.प्र. व्यापार मण्डल कार्यालय का उद्घाटन

**लखनऊ ( चिंगारी )।** राजधानी में पंडित खेड़ा स्थित सतवेन्द्र कॉम्प्लेक्स में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय का शुभारम्भ समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या, विशिष्ट अतिथि हलवासिया ग्रुप के चेयरमैन व अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर हलवासिया एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी सरदार सतवंत सिंह सलूजा, प्रदेश प्रभारी (युवा) तस्लीम अहमद इदरीशी, जिलाध्यक्ष बिजनौर विनीत राजपूत एवं संगठन के लखनऊ जिलाध्यक्ष सरदार सतवेन्द्र सिंह सहित प्रदेश भर से संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व मंच के माध्यम से संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की संरक्षक मनोनीत किया।

डॉ. प्रियंका मौर्या ने अपने सम्बोधन में महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि योगी सरकार में महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने संगठन के प्रदेश कार्यालय की राजधानी में स्थापना होने पर सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक/अध्यक्ष स्व. नेकी राम गर्ग जी का सपना था कि प्रदेश की राजधानी में भी हमारा कार्यालय स्थापित हो। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुधीर हलवासिया ने व्यापारियों से संगठित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि जब व्यापारी संगठित होगा, तभी उसकी बात सुनी जाएगी।



संगठन के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में संगठन द्वारा 27 वर्षों से व्यापारी हितों के लिए किये गये कार्यों एवं उपलब्धियों पर बोलते हुए कहा कि हमारा संगठन अराजनैतिक है। उन्होंने कहा कि यह दलालों का संगठन नहीं, व्यापारी हितों का संगठन है। प्रदेश प्रभारी स. सतवंत सिंह सलूजा ने कहा कि यह संगठन व्यापारी हितों की लड़ाई काफी समय से लड़ रहा है और आगे भी लड़ता रहेगा। संगठन में महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मोनिका यादव ने संगठन में एकजुटता पर बल दिया।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी उर्मिला पाल, संगठन के जिला बिजनौर अध्यक्ष विनीत राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष- आयशा सिद्दीकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष- अलीशा सिद्दीकी, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष- प्रशांत गुप्ता, प्रदेश प्रभारी युवा- तस्लीम इदरीशी, जिलाध्यक्ष बरेली- सुधीश पाण्डेय, मंडल मुरादाबाद उपाध्यक्ष मुकेश जोशी, युवा जिला प्रभारी- संदीप जोशी, नूरपुर नगर अध्यक्ष- सरदार रविंदर सिंह, धामपुर से युवा व्यापारी सरदार जसविंदर सिंह, अतुल कंसल- प्रदेश युवा अध्यक्ष, कृष्ण मुरारी खांडेलवाल- प्रदेश कोषाध्यक्ष, विकास अग्रवाल- मंडल अध्यक्ष बरेली, एडवोकेट अरुण शुक्ला, संगठन में महिला मोर्चा लखनऊ की जिला अध्यक्ष पूनम चौरसिया, विनीत मिश्रा सहित क्षेत्र व प्रदेश के पदाधिकारी शामिल हुए।

## जेब से 34,500 हज़ार किये पार, पुलिस ने किया गिरफ़्तार



**धामपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 34,500 रुपए बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल 2026 को वादी राजपाल पुत्र मटरु निवासी मोहल्ला उतरी शेखान, सहसपुर थाना स्योहारा (बिजनौर) ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी जेब से करीब 35,000 चोरी कर लिये। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी। मामले की जांच के दौरान कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी ताज मोहम्मद पुत्र साकिर निवासी कर्बला, थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर उसके पास से तलाशी के दौरान चोरी किये गये 34,500 बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि व 11 अप्रैल को दवाई लेने के लिए धामपुर आया था। नगीना चौराहे पर खड़े एक व्यक्ति की जेब से उसने मौका पाकर रुपए निकाल लिए थे। आरोपी ने बताया कि उसके खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना धामपुर के उपनिरिक्षक अश्वनी कुमार व पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## विश्व हिन्दू महासंघ के स्थापना दिवस पर हवन किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू महासंघ के 46 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में सनातन रक्षा वाहिनी के द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के उपरांत भागवत ध्वज का वितरण किया गया। नगर के बिजनौर रोड स्थित देवी मंदिर में आयोजित यज्ञ में सनातन रक्षा वाहिनी के प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा, विश्व हिंदू महासंघ के जिलामहामंत्री आसाराम, सनातन रक्षा वाहिनी जिला अध्यक्ष अजय महेश्वरी, तहसील अध्यक्ष गोविंद गिरि, तहसील महामंत्री कुलदीप शर्मा, तहसील मंत्री संदीप सैनी, नगर अध्यक्ष आकाश, नगर उपाध्यक्ष रोहन, नगर महामंत्री आशीष, रितेश मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिल्वर मेडल पाने पर ज़ैद को किया सम्मानित



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन बिजनौर द्वारा अफजलगढ़ क्षेत्र के कालागढ़ रोड स्थित मीरी-पीरी खालसा एकेडमी में रविवार को जूनियर एंड यूथ जिला एथलेटिक मीट में एस.एम. ज़ैद ने ब्रॉड जंप में सेकंड पोजीशन हासिल की। ज़ैद की इस सफलता पर खेल प्रेमियों अफजलगढ़ निवासी युवा नेता शेख मौ.ज़ैद, पत्रकार अमानत हुसैन, सीरवासुचंद निवासी गुलफाम अंसारी, मानियावाला निवासी पत्रकार शेख मौ. यूसुफ, कासमपुर गढ़ी निवासी कामिल खान ने ज़ैद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## लकड़ी के लट्ठों के नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक की जान गई

**नहटौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव रुखड़ियो निवासी राजेंद्र सिंह ट्रैक्टर-ट्राला में पॉपुलर की लकड़ी भरकर नजीबाबाद जा रहा था। जब वह ग्राम फुलसंदा के निकट पहुंचा तो उसका ट्रैक्टर-ट्राला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चला गया और ट्रैक्टर चालक लकड़ी के लट्ठों के नीचे दब गया। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। हादसे की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीण और अन्य पुलिसकर्मियों को साथ लेकर लकड़ी के भारी लट्ठों को स्वयं ही हटाने का कार्य शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर चालक को लकड़ियों के नीचे से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। राजेंद्र की मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया और वह घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।



# बिजनौर जिले से भी रहा है आशा भौंसले का संबंध

## चांदपुर के गोपाल शर्मा उनके मुंहबोले भाई थे


## उनकी बेटी के नामकरण में आशा भौंसले चांदपुर आई थीं



**आओ हुज़ूर तुमको सितारों में ले चलूं**
**दिल झूम जाए ऐसी बहारों में ले चलूं...**

आज से 58 बरस पहले यह वायदा आशा भोंसले की आवाज़ ने किया था। बहुत कम उम्र में फ़िल्मों में गायिकी का सफर शुरू करने के बाद 68 साल पहले 1958 में हावड़ा ब्रिज फिल्म से आशा भोंसले ने शुरूआत की थी। बिजनौरवासी जानते भी नहीं कि प्रसिद्ध पार्श्व गायिका और दुनिया को एक से एक शानदार अमर गीत देने वालीं आशा भौंसले का बिजनौर से भी अच्छा संबंध रहा है। जनपद के चांदपुर के रहने वाले रेडियो सिलोन के पूर्व अनाउंसर गोपाल शर्मा आशा भौंसले के मुंह बोले भाई थे। आशा भौंसले, गोपाल शर्मा के एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने एक बार चांदपुर आई थीं।

टीवी से पहले रेडियो युग था। रेडियो कार्यक्रम सुनने के लिए उस समय लाइन लगती थी। आकाशवाणी दिल्ली से शाम को आने वाले किसान भाइयों के कार्यक्रम को सुनने के लिए चौपाल या रेडियो स्वामी के घर पर भीड़ एकत्र हो जाती थी। सन् 1960 के आसपास रेडियो सिलोन भारत ही नहीं पूरी एशिया में मनोरंजन का सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम प्रस्तुत करता था। विविध भारती शास्त्रीय संगीत पर आधारित कार्यक्रम पेश करता था। उस पर बजने वाले फिल्मी गाने



गोपाल शर्मा (रेडियो सिलोन)

भी प्राय: शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते थे, जबकि रेडियो सिलोन शुद्ध मनोरंजन के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत करता था और उस पर भारतीय फिल्मों के सभी गाने बजते थे। मनोरंजन के लिए फिल्मों के गाने बजने के कारण रेडियो सिलोन पूरे एशिया में भारतीयों का सबसे पंसदीदा था। चांदपुर के रहने वाले गोपाल शर्मा 1956 से 24 अप्रैल 67 तक 11 साल लगातार इस स्टेशन के हिंदी कार्यक्रमों के अनाउंसर रहे।

दिसंबर सन् 1931 में बिजनौर जनपद के चांदपुर नगर में जन्मे गोपाल शर्मा की एक साल की उम्र में उनकी माता का निधन हो गया। बिना माता की छत्र छाया में पले बढ़े गोपाल शर्मा ने आर्थिक समस्याओं से जूझते हुए मेरठ कॉलेज मेरठ से बीए की परीक्षा उतीर्ण की। बीए करने के बाद फिल्म इंडस्ट्री में भाग्य


आशा भौंसले के साथ गोपाल शर्मा

आजमाने मुंबई पहुंच गए। यहां कुछ बनने के लंबे और अथक संघर्ष में उनकी उस समय के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता बलराज साहनी से मुलाकात हो गई। कुछ समय उनके ग्रुप में काम किया और बलराज साहनी की सलाह पर रेडियो की दुनिया में प्रवेश कर गए। रेडियो के कैजुअल आर्टिस्ट के रूप में काम करते समय रेडियो सिलौन के लिए चयन हो गया।

रेडियो सिलोन में काम करने के दौरान मेरठ में उनका विवाह हुआ। शादी की विशेषता यह थी कि इसमें मुंबई से गायक महेंद्र कपूर आए थे। उन्होंने कई घंटे बारातियों और घरातियों का मनोरंजन किया था।

वे कहते हैं कि गायिका आशा भोंसले ने उन्हें अपना भाई बनाया था। उनकी बेटी के जन्म पर वे चांदपुर आई थीं। आशा भौंसले ने उनकी बेटी का नामकरण किया था। बेटी को नाम दिया था चेतना। बाद में परिवार वालों की सलाह पर बेटी का नाम बदलकर महिमा हुआ।

रेडियो सिलोन के लिए 11 साल लगातार काम कर गोपाल शर्मा ने एक रिकार्ड बनाया। भारत लौटकर गोपाल शर्मा शर्मा मुंबई में बस गए थे। मुंबई में रहते हुए आकाशवाणी के कैजुअल आर्टिस्ट के रूप में काम करने के साथ ही विभिन्न कंपनियों के लिए विज्ञापन बनाने और बड़े कार्यक्रम के संचालन का लंबे समय तक कार्य किया। गोपाल शर्मा का 23 मई 2021 को 88 साल की उम्र में निधन हो गया, उन्हें भारत का पहला रेडियो जॉकी कहा जाता है।

### आवाज़ की दुनिया के दोस्तों..

गोपाल शर्मा अपने कार्यक्रम की शुरुआत 'आवाज की दुनिया के दोस्तों' बोलकर करते थे। ये लाइन एक तरह से उनकी पहचान बन गई थी। आवाज़ की दुनिया के दोस्तों शीर्षक वाली हिंदी में लिखी गई 280 पृष्ठों की पुस्तक इस बात का वृत्तांत है कि कैसे उत्तम उच्चारण और भाषा कौशल ने उन्हें प्रसारण जगत का सितारा बनने में मदद की। यह पुस्तक भावी प्रसारकों के लिए एक मार्गदर्शक भी है।

### फिल्म में भी किया काम

गोपाल शर्मा अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि उन्होंने तीन अन्य साथियों के साथ फिल्म अधिकार के भजन माटी कहे कुम्हार में बाल साधु की भूमिका की। मैं सोचता था कि गाने के दो-तीन मिनट में स्क्रीन पर मेरा चेहरा एक-दो बार दिखाया गया होगा। फिल्म रिलीज हो गई किंतु जेब में इतने पैसे नहीं थे कि फिल्म देख पाते।

**-अशोक मधुप**

# युगांत : सुरों की 'आशा' हुयी मौन

## चुरा लिया है तुमने जो दिल को..

भारतीय सिनेमा जगत में आशा भोंसले को ऐसी पार्शवगायिका के तौर पर याद किया जायेगा, जिन्होंने अपनी आवाज की कशिश से लगभग आठ दशक तक श्रोताओं को अपना दीवाना बनाये रखा। महाराष्ट्र के सांगली गांव में 08 सितम्बर 1933 को जन्मी आशा भोंसले के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच से जुड़े हुए थे। नौ वर्ष की छोटी उम्र में ही आशा भोंसले के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुए आशा भोंसले और उनकी दीदी लता मंगेशकर ने फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ गाना भी शुरू कर दिया। आशा भोंसले ने अपना पहला गीत वर्ष 1948 में ..सावन आया ..फिल्म चुनरिया में गाया। सोलह वर्ष की उम्र में अपने परिवार की इच्छा के विरूद्ध जाते हुये आशा भोंसले ने अपनी उम्र से काफी बड़े गणपत राव भोंसले से शादी कर ली। उनकी वह शादी ज्यादा सफल नहीं रही और अंतत: उन्हें मुंबई से वापस अपने घर



पुणे आना पड़ा। उस समय तक गीतादत्त, शमशाद बेगम और लता मंगेश्कर फिल्मों में बतौर पार्शवगायिका अपनी धाक जमा चुकी थीं। वर्ष 1957 में संगीतकार ओ.पी. नैय्यर के संगीत निर्देशन में बनी निर्माता-निर्देशक बी.आर.चोपड़ा की फिल्म ..नया दौर.. आशा भोंसले के सिने करियर का अहम पड़ाव लेकर आई। वर्ष 1966 में तीसरी मंजिल में आशा भोंसले ने आर.डी.बर्मन के संगीत में ..आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा ..गाना को अपनी आवाज दी, जिससे उन्हें काफी प्रसिद्धि मिली। साठ और सत्तर के दशक में आशा भोंसले हिन्दी फिल्मों की प्रख्यात नर्तक अभिनेत्री ..हेलन.. की आवाज समझी जाती थी। आशा भोंसले ने हेलन के लिये तीसरी मंजिल में ..ओ हसीना जुल्फों वाली.. कारवां में .. पिया तू अब तो आजा ..मेरे जीवन साथी में.. आओ ना गले लगा लो ना और डॉन में ..ये मेरा दिल प्यार का दीवाना.. गीत गाया। शास्त्रीय संगीत से लेकर पाश्चात्य धुनों पर गाने में महारत हासिल करने वाली आशा भोंसले ने वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म उमराव जान से अपने गाने के अंदाज में परिवर्तन किया।

# अंबेडकर जयंती शांतिपूर्वक मनायें, कोई नया क़दम ना उठायें

## थाना प्रभारी ने कहा



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से थाना प्रांगण में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रतिनिधि, संभ्रांत लोग और कार्यक्रम आयोजक शामिल रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जयभगवान सिंह ने बताया कि क्षेत्र के रतनपुर खुर्द, हीमपुर दीपा कश्मीरपुर गढ़ी, कुतुबपुर गढ़ी, माहू धींवरपुरा गांव में जुलूस और शोभायात्रा का आयोजन होना है। उन्होंने सामाजिक समरसता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए आयोजकों से शांति और अनुशासित ढंग से आयोजन संपन्न करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी श्री सिंह ने चेतावनी दी कि नई परंपरा की शुरुआत करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान महापुरुषों की प्रतिमाओं की सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराए जाने का भी आव्हान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह तालान, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक विपिन कुमार के अलावा पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर कोमल सिंह, पूर्व प्रधान शिवचरण सिंह, शहजाद, संजय यादव, नरदेव, रोहित, मोंटी, अक्षय कुमार, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं को गिनाया सोशल मीडिया का महत्व बताया



कार्यक्रम में बोलते हुए डा. दीप सौरभ।

**स्योहारा ( चिंगारी )।** दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का कार्यक्रम प्राकतिक विला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम वर्ग प्रमुख सुरेशचंद्र चौहान की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम को सात सत्रों में विभाजित किया गया। द्वितीय दिवस में छटे सत्र में मुख्य वक्ता सी सिंह ने सरकार की योजनाओं को गिनाया और जन-जन तक पहुंचाने के तरीके बताए। सातवें सत्र में मुख्य वक्ता डा. दीप सौरभ ने सोशल मीडिया का उपयोग और महत्व समझाया। इस दौरान जिला महामंत्री नरेश भाटी, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर आकांशा चौहान, ब्लॉक प्रमुख बुढ़नपुर उज्जवल चौहान, मंडल अध्यक्ष डा. खजान, चंचल शर्मा, संदीप चौधरी, डा. जगवीर सिंह आदि मौजूद रहे ।

# सांसद रूचि वीरा ने मौ. ज़ैद की वालिदा को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश की


मौ. ज़ैद के आवास पर मौजूद रूचि वीरा।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सपा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा रविवार को अफजलगढ़ में मरहूम नेता अब्दुल समी के यहां पहुंचीं और उनकी अहलिया एवं युवा नेता शेख मौ. जैद की वालिदा के कुछ दिनों पूर्व हुए इंतकाल पर गहरा दुख जताते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। उन्होंने कहा कि वह किसी कारणवश तदफीन के वक्त नहीं आ पाईं, जिसका बहुत अफसोस रहा। रुचि वीरा ने कहा कि मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के दुख-सुख में वह हर वक्त शरीक हैं, क्योंकि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति उनके परिवार के सदस्य जैसा है। इस दौरान रुचि वीरा मौ. जैद के परिवार की महिलाओं के बीच भी देर तक रहीं। इस मौके पर नगर व क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# इनकम टैक्स ऑफिसर बने मौ. ओवैस



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** संविलियन विद्यालय नारायणवाला के सहायक अध्यापक एवं सीरवासुचंद निवासी मौ. ताहिर अंसारी के भतीजे, मौ. तारिक अंसारी के पुत्र मौ. ओवैस का इन्कम टैक्स ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है, जिससे परिवार में जश्न का माहौल है और शुभचिंतकों, मित्रों एवं अन्य लोगों में खुशी की लहर है। मौ. ओवैस की इस कामयाबी पर परिजनों सहित तमाम लोगों ने उन्हें मुबारकबाद दी।



# रजनी कालरा को सम्मानित किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल महिला सभा द्वारा भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त उपाध्यक्ष रजनी कालरा को सम्मानित किया गया। कल अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में रजनी कालरा को अग्रवाल महिला सभा की महिलाओं ने पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने इस सम्मान के लिए रजनी कालरा ने अग्रवाल महिला सभा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंजू अग्रवाल, राखी अग्रवाल, पारुल गोयल, अनीता अग्रवाल, रंजन तनेजा आदि काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# चार दिन से गांव की युवती लापता

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** महबूबा खादर गांव की 19 वर्षीय युवती पिछले चार रोज से लापता है। हर संभावित स्थान पर उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता न चल सका। युवती इंटर की छात्रा बताई जा रही है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर युवती का शीघ्र पता लगाए जाने की गुहार लगाई गई है।

# टीएमयू में कल सजेगा फिजियोविज़न का अंतर्राष्ट्रीय मंच

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का फिजियोथेरेपी विभाग कल 14 अप्रैल से पहली दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस फिजियोविज़न 1.0 की मेजबानी करने जा रहा है। नवाचार और पुनर्वास उत्कृष्टता का संगम के मूल मंत्र के संग आयोजित होने वाली यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को एक नई दिशा देने का प्रयास है। आधुनिक विज्ञान और परंपरागत देखभाल के इस अनूठे संगम से रोगी के उपचार को और अधिक प्रभावी एवं परिणामदायी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में वैश्विक दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड से एड्रॉइट फिज़ियो के संस्थापक डॉ.सोहराब शर्मा,मालदीव से मालदीव नेशनल यूनिवर्सिटी




के डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस से डॉ. उज़्मा सय्यद और मलेशिया से फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज़ के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी से डॉ. तरुण अमलनेरकर जैसे विशेषज्ञ इस सम्मेलन की शोभा बढ़ायेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम कौल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा, इस सम्मेलन में चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं पोस्टर एवं पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में अपने नवीन शोध कार्यों एवं विचारों को प्रस्तुत करेंगे। प्रो. कौल ने उम्मीद जताई, यह आयोजन युवा पीढ़ी को विशेषज्ञों से सीधे संवाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा।

# वार्षिकोत्सव पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया

## इसना व सफिया मिस फ्रेशर तथा छवि मिस फेयरवेल चुनी गई



नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के मौके पर तरंग उमगों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने फ्रेशर एवं विदाई समारोह का भी आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती हेमलता मठपाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनुराधा माथुर एवं शिवाली चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सविता वर्मा एवं छात्राओं में झलक व प्रियांशी ने किया। डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, डॉ. पूनम अग्रवाल के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खुशी एवं प्रियांशी ने गढ़वाली नृत्य व दीक्षा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। लामा, अदीका, मनीषा, रागुन अनम, संजना, अंजलि आदि छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रियंका ने विदाई समारोह गीत प्रस्तुत किया। मिस फ्रेशर व मिस रमा जैन के लिए विभिन्न राउंड में निर्णायक मण्डल ने घोषित किया। मिस फ्रेशर के लिए इसना व सफिया रहीं। अदीबा व आयशा फर्स्ट व सेकेंड रनर अप रहीं। मिस फेयरवैल के लिए छवि का चुनाव किया गया एवं अदीबा व लायका फर्स्ट व सेकेंड रनअप रहीं। निर्णायक मण्डल में श्रीमती हेमलता मठपाल, श्रीमती अनुराधा माथुर, डॉ. शिवाली चौहान रहीं। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सभी शिक्षिकाओं को टाइटल दिये गये। महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओ को बधाई दी तथा जीवन में मेहनत, ईमानदारी एवं दृढ़ संकल्प के के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सविता सक्सेना, डॉ. रत्ना गर्ग, श्रीमती डॉ. पारूल त्यागी, रमनदीप कौर, डॉ. नेहा गौड़, श्रीमति ज्योति पाल, श्रीमती तबस्सुम श्रीमती, श्रीमती दीक्षा, डॉ. वरूण शर्मा, कु. निधि, डॉ. महेंद्र सिंह, अंकुर अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की आवश्यकताः प्रो. अनिल यादव



नजीबाबाद (चिंगारी)। सिद्धबली विहार कॉलोनी नजीबाबाद में सहायक प्रोफेसर धनीराम सिंह के निवास पर शोषितों के मार्गदर्शक, कृषकों के चिंतक, महिलाओं के लिए शिक्षा की अलख जगाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड दरोगा शेर सिंह ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अनिल यादव व मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार रहे। डॉ अनिल कुमार यादव ने कहा कि हमें महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, उनका जीवन सर्व समाज के लिए समर्पित रहा। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए अपनी पत्नी के साथ मिलकर महत्वपूर्ण कार्य किये। डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन संघर्ष किसानों के लिए भी समर्पित रहा। राजेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध पुस्तक गुलाम गिरी हमें वास्तविकता से परिचित कराती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार पत्रकार, रामनाथ सिंह, राम भरोसे सिंह, धर्मवीर सिंह पत्रकार, राजेश कुमार अध्यापक, मगन सिंह, अभिलाष कुमार इंजीनियर, जय प्रकाश कश्यप, श्रवण कुमार सैनी, पूर्वा थामा, वृंदा धामा, गरिमा, राज सिंह, श्रीमती सुनीता आर्य आदि उपस्थित रहे।

# मीना मंच की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समग्र विद्यालय कनकपुर कलां में नवीन सत्र के आरंभ होने पर विद्यालय की मीना मंच सुगमकर्ता शिक्षिका हिमानी प्रजापति के मार्गदर्शन में विद्यालय के सक्रिय मीना मंच की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। कार्यशाला में एसएमसी सदस्यों, भोजन माताओं एवं समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति में 20 सदस्यों (बालक-बालिकाओं) की कैबिनेट का विस्तार किया गया। बच्चों को आई कार्ड पहनाकर सदस्यता प्रदान की गई एवं उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। कार्यकारिणी में शामिल व कार्यशाला में उपस्थित सभी बच्चे अत्यंत उत्साहित एवं आनंदित रहे। मीनामंच सुगमकर्ता हिमानी प्रजापति द्वारा सफल कार्यक्रम हेतु सभी स्टॉफ व मेहमान का धन्यवाद अर्पित किया गया।



नवीन सत्र के प्रारंभ पर मौजूद स्कूली छात्राएं।

गीत

# आशा भोसले जी को नमन

आशा जी के वो गीत याद सदा आएंगे।
जब भी सुनेंगे हम उनमें खो जाएंगे।
उनकी प्यारी बोली दिल को छू जाती थी।
बारिश हो जाती जब आशा जी मुस्काती थी।
उनके प्यारे वो गीत अब हमें रुलाएंगे।
आशा जी के वो गीत याद सदा आएंगे।
चौदह भाषाओं में गीतों को गाया था।
आशा जी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।
उनके गीतों को हम भावों से सजाएंगे।
आशा जी के गीत याद सदा आएंगे।
सात बार फिल्मफेयर पुरस्कार भी पाया था।
आज नहीं हमारे बीच सुन मन भर आया था।
उनके चरणों में हम सब शीश झुकाएंगे।
आशा जी के वो गीत याद सदा आएंगे।
बहन थी स्वर मलिका अब उनके पास चली।
दोनों का प्यार था गहरा वो एक साथ थीं पली
चुरा लिया है तुमने जो दिल को गीत को गाएंगे।
आशा जी के वो गीत याद सदा आएंगे।

-राखी उपासना
कौशिक
(हंगामा ट्वीएन्स)
मो. 8755160545





# युंगाडा आर्मी चीफ ने तुर्किये से सबसे खूबसूरत महिला मांगी

## कहा- शादी करूंगा, नहीं मिली तो डिप्लोमेटिक रिश्ते तोड़ेंगे



**कम्पाला (एजेंसी/चिंगारी)।** युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्किये से 1 अरब डॉलर (9000 करोड़) और देश की 'सबसे खूबसूरत महिला' को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्किये से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्किश एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने एक्स पर लिखा कि अगर तुर्किये ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे। उन्होंने युगांडावासियों को तुर्किये यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में एक लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्किये की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। कैनेरुगाबा ने पोस्ट में तुर्किये पर आरोप लगाया कि उसने सोमालिया में इंफ्रास्ट्रक्चर, पोर्ट और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स से फायदा उठाया, जबकि युगांडा ने अल-शबाब जैसे आतंकी संगठनों से लड़ने का बोझ उठाया। इसी आधार पर उन्होंने 1 अरब डॉलर की मांग की। हाल ही में भी कैनेरुगाबा ने सोशल मीडिया पर कई विवादित पोस्ट किए हैं। उन्होंने विपक्षी नेता बॉबी वाइन को लेकर सिर काटने जैसी धमकी दी, जिस पर काफी विवाद हुआ। हालांकि बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया और माफी मांग ली।

# पुरानी पीढ़ी का संगीत का अंतिम सितारा भी डूब गया- संदीपनाथ

## दो फिल्मों में संदीपनाथ के लिखे गीत गाये थे आशा भौंसले ने





**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर जनपद के धामपुर निवासी मशहूर फिल्म गीतकार, लेखक और गायब संदीपनाथ ने देश की प्रख्यात गायिका आशा भौंसले के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पुरानी पीढ़ी का संगीत का अंतिम सितारा भी डूब गया है। आशा भौंसले, मन्नाडे, मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार, लता मंगेशकर जैसे अनेक फिल्मी गायकों की पीढ़ी की गायिका थीं। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि आशा भौंसले ने फिल्म कारपोरेट के लिये 'लम्हा लम्हा जिंदगी' तथा फिल्म पेज थ्री के लिये 'हुजूर-हुजूर भाला' मेरे लिखे गीत गाये थे। संदीपनाथ ने बिजनौर जनपद का पूरी दुनिया में नाम रोशन करते हुए लगभग 80 से ज्यादा फिल्मों में गीत लिखे हैं तथा इसके साथ-साथ पटकथा लेखन व गायकी में भी हाथ आजमा चुके हैं। अरिजीत का गाया 'आशिकी-2' का सुपरहिट गीत 'सुन रहा है न तू, रो रहा हूं मैं' गीत भी संदीपनाथ ने ही लिखा था।

# रालोद की बैठक में 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल की एक आवश्यक बैठक नहटौर में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद मुंशीराम पाल मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने की और संचालन चौ.जयपाल सिंह एवं सुनील कुमार चेयरमैन ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रदेश सचिव तारिक अली, क्षेत्र महासचिव चंद्रपाल वाल्मीकि, संजीव चौधरी, विजय चौहान, चौ. अलबेल सिंह, अनुराग मलिक, मास्टर विजयपाल सिंह, राजेश कश्यप, अरुण कश्यप, गजेंद्र कश्यप, गुणमान सिंह, राजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, दीपक डबास, रविंद्र सिंह एडवोकेट, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शमीम अहमद, सुरेश कुमार दरोगा, जितेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, महिपाल सिंह, पूरन सिंह, कैलाश राठी, प्रेम सिंह, राजपाल सिंह, चरण सिंह, डॉक्टर धर्मपाल सिंह, गौरव दाहिया, विनीत कुमार, दरोगा हरवीर सिंह, कपिल कुमार, भीम सिंह चौहान, डॉ. समरपाल सिंह, डॉ. वीरेंद्र सिंह, बलजीत सिंह कश्यप, विनीत कुमार, वीरेंद्र सिंह, बालकरण सिंह, दीक्षांत राठी, सुरेंद्र सिंह, बरम सिंह व मनपाल सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मज़बूत बनाने और 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया गया।

# एक यादगार शाम, गजेंद्र बटोही के नाम

## साहित्यलोक की महफिल में गूंजे रचनात्मक स्वर



**बिजनौर (चिंगारी)।** साहित्य और सृजन की सुगंध से महकती एक यादगार शाम का आयोजन साहित्यलोक की तरफ से साहित्यकार डॉ. पंकज भारद्वाज के आवास पर किया गया। कार्यक्रम में आए कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हल्द्वानी (उत्तराखण्ड) से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गजेंद्र बटोही को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बाल साहित्यकार डॉ. अजय जनमेजय ने की, जबकि संचालन डॉ. पंकज भारद्वाज ने कुशलतापूर्वक किया। काव्य गोष्ठी में निर्देश निधि (बुलन्दशहर), डॉ. जितेन्द्र जीतू, कृष्ण कुमार पाठक, संजीव एकल, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, पंकज विश्नोई, मनोरंजन शर्मा, सुमन चौधरी 'सुमन', रमेश माहेश्वरी 'राजहंस' तथा विकास कुमार अग्रवाल सहित अन्य कवियों ने अपनी विविध विधाओं की रचनाएं प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. गजेंद्र बटोही ने कहा कि साहित्य केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि समाज की आत्मा का सजीव प्रतिबिंब है। ऐसे आयोजनों से न केवल रचनात्मक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि नवोदित और वरिष्ठ साहित्यकारों के बीच संवाद की एक सशक्त परंपरा भी विकसित होती है। मैं इस स्नेह और सम्मान के लिए हृदय से आभारी हूं और आशा करता हूं कि साहित्य की यह अलख यूं ही जलती रहेगी।

## आज का विचार

# मैं और मेरा मोबाइल

-सत्यराज



रात को बिस्तर पर लेटा हुआ मोबाइल देख रहा था, कब नींद आ गई और मोबाइल हाथ से छूटकर गिर गया पता ही नहीं चला। रात में किसी समय नींद में ही मोबाइल बंद कर दिया और करवट बदलकर फिर सो गया। सुबह सोकर उठा तो सबसे पहले मोबाइल ही खोला। गुड मॉर्निंग वाले संदेशों की भीड़ दिखाई दी, उनके साथ ही कुछ जय सोमवार, जय मंगलवार आदि के मैसेज भी,जो सप्ताह भर चलते रहते हैं। यह रोजाना का क्रम रहता है। सच तो यह है कि मोबाइल और मेरे बीच एक रिश्ता बन गया है, जो सुबह आंखें खुलने से शुरू होता है और देर रात को नींद आने तक जीवंत रहता है ।

इस रिश्ते का एक महत्वपूर्ण दर्शन यह है कि निरंतर सिकुड़ते सामाजिक जीवन और एकाकी होते पारिवारिक रिश्तों के बीच दिखावटी जीवन जी रहे हम लोगों के लिए मोबाइल हमारा ऐसा साथी बन चुका है, जो वही दिखाता है,जो हम देखना चाहते हैं और सुनना चाहते हैं, फिर चाहे ज्यादा मोबाइल देखने से हमारी आंखें कमजोर हो जाएं अथवा गर्दन में सर्वाइकल दर्द पैदा हो जाए। सत्य यह है कि मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभाव कल के परिणाम हो सकते हैं, लेकिन गुजरना तो वर्तमान पड़ता है। परिवार में कम से कम होती फैमिली मेंबरों की संख्या अथवा दिन भर घरेलू कामों के बाद थकान के कारण पत्नी के बिस्तर पर साथ होने के बावजूद बढ़ते अकेलेपन की मौन व्यथा के बीच रात को नींद न आए तो मोबाइल का ही सहारा बचता है, सो अकेले मोबाइल को ही दोष क्यों दिया जाए। अब मोबाइल हमारे दैनिक दिनचर्या का आवश्यक अंग बन चुका है। अपनी दिनचर्या पर इस तथ्य को लागू करके बताइए कि आप मोबाइल केवल उस समय ही नहीं देखते, जब आप नहीं देख सकते अन्यथा तो दिन हो अथवा रात हम और हमारा मोबाइल बस यही आज का सत्य है।

## मोबाइल की दुनिया

दुनिया में मोबाइल धारकों के पैमाने पर बन चुके दूसरे सबसे बड़े देश भारतवर्ष में कुल 110 से 120 करोड़ मोबाइल कनेक्शन हैं और 100 से 105 करोड़ के लगभग उपयोगकर्ता। चीन के बाद दूसरे नंबर के सबसे बड़े मोबाइल बाजार में 10 से 15 करोड़ लोगों के पास एक से अधिक सिम कार्ड हैं। मोबाइल सेक्टर भारत की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लाखों लोगों को रोजगार देने वाले इस सेक्टर की सच्चाई है कि अब मोबाइल जीवन का आवश्यक अंग बन चुका है। मोबाइल के उपयोग को पॉजिटिव रूप में लेकर एक ऐसी मोबाइल संस्कृति का निर्माण करें कि रचनात्मक रूप से हमारे व्यक्तित्व और कृतित्व का आवश्यक हिस्सा बना रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में झूम उठे श्रद्धालु





**झालू ( चिंगारी )। नगर के मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को वामन अवतार, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के भावपूर्ण वर्णन को श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ सुना।**

कथा वाचक प्रेरणा ज्योति ने वामन अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने राजा बलि के अभिमान का हरण कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा कि भगवान समय-समय पर अवतार लेकर पृथ्वी को अधर्म से मुक्त करते हैं और भक्तों का कल्याण करते हैं। इसके उपरांत हिरण्यकशिपु और भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति में अपार शक्ति होती है। प्रह्लाद ने कठोर यातनाओं के बावजूद भगवान का नाम नहीं छोड़ा, जिसके फलस्वरूप भगवान नरसिंह अवतार में प्रकट हुए और भक्त की रक्षा कर अधर्म का अंत किया।

कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग वर्णन किया गया पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूम उठे और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय रहा।

इस अवसर पर राजीव शर्मा, बिमला शर्मा, तरुण शर्मा, मुन्नू सिंह चौधरी, हरिश्चंद्र वर्मा, वंश वर्मा, दिनेश शर्मा, चंचल वर्मा, मुकेश वर्मा, मास्टर विजय जोशी, महेंद्र धीमान, राधे धीमान, गौरव चौधरी, विपिन शर्मा, दीपा शर्मा, पवित्रा चौधरी, सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# चांदपुर से बरेली तक सीधी बस चलाई जाये




मौलाना मौ. आईज

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर निवासी मौलाना मौ. आईज ने चांदपुर से बरेली व बरेली से चांदपुर के लिए सीधी रोडवेज बस चलाये जाने की मांग की। मौलाना मौ. आईज ने कहा कि चांदपुर सहित पूरे क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पासपोर्ट से संबंधित कार्य के लिए यहां से बरेली जाते है, लेकिन बरेली के लिए यहां से सीधी रोडवेज बस न होने के कारण लोगों विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने लोगों की परेशानी को देखते हुए सुबह के समय यहां से बरेली के लिए सीधी रोडवेज बस चलाये जाने की मांग की ताकि पासपोर्ट के लिए बरेली जाने वाले लोग समय पर वहां पहुंच जाये, वहीं एक बस बरेली से भी सीधे चांदपुर के लिए चलाई जाए, ताकि काम समाप्त होने पर बिना किसी परेशानी के घर वापस आ सके।

## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी...

# आसिफ संग शबाना परवीन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ की शादी हल्दौर निवासी मौ. अफजल की पुत्री शबाना परवीन के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस उपलक्ष्य में आयोजित भव्य दावत-ए-वलीमा में मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रूचि वीरा, पूर्व सांसद यशवीर सिंह, क्षेत्रीय विधायक स्वामी ओमवेश, पूर्व मंत्री नईमुल हसन, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान के अलावा अब्दुल्ला चौधरी शहजाद चौधरी, नाजिम मलिक, यूनुस ताऊ, शेख रईस अहमद, प्रभात यादव आदि ने मुख्य रूप से शिरकत कर नवदम्पत्ति के सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। मौ. आसिफ़ व परिवार के अन्य लोगों ने मेहमानों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह ने किया भाजपा की नीतियों का प्रचार



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अंतर्गत गांव चलो अभियान में पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने ग्राम नारायणपुर और हरपुर गांव में पहुंचकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें लोकतंत्र स्थापित है। जिसमें छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ सबसे निचले पायदान के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। पूर्व सांसद डा. यशवंत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर काम करते हुए समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख मृणाल भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष विपुल चौधरी आदि उपस्थित रहें।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का देखा लाइव प्रसारण

**धामपुर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति वंदन सम्मेलन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज सोमवार को प्रातः 11 बजे विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित सीधे प्रसारण को नगर पालिका परिषद धामपुर के शिवाजी पार्क स्थित संपादकाचार्य पंडित रूद्रदत शर्मा पुस्तकालय में लाइव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, समस्त स्टाफ एवं सभासदगण आदि उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष को पितृशोक

**धामपुर ( चिंगारी )। श्री राजेश कुमार अग्रवाल निवासी बड़ी मंडी धामपुर का रविवार की रात आकस्मिक निधन हो गया है।वह 74 वर्ष के थे। उनके पुत्र मुदित अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया ने बताया कि उनके पिताजी का स्वास्थ्य पिछले लगभग एक माह से खराब चल रहा था। बीती रात उनका आवास पर ही स्वर्गवास हो गया। उनके निधन पर मंडी युवा व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू,महामंत्री विपुल जैन, कोषाध्यक्ष मनोज धनोरिया, पीयूष कुमार अग्रवाल ,विवेक कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार, संजय अग्रवाल मुनिया, विकास कुमार ,राकेश कुमार ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।**

# पालिकाध्यक्ष के आवास पर मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती




**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व उनके पति दीपक कुमार सैनी ने अपने आवास पर महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व उनके पति दीपक कुमार सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फूले और माता सावित्रीबाई फूले के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि ज्योतिबा फूले एक महान समाज सुधारक, विचारक और लेखक थे। चेयरपर्सन पति दीपक सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले का जन्म बहुत ही साधारण परिवार में होने के बावजूद उन्होंने समाज को सही दिशा दिखाई। कार्यक्रम में चंद्रपाल सैनी, ब्रह्मपाल सैनी, पंडित दिनेश शर्मा, मा.लेखराज सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, रामपाल सिंह सैनी, जशवंत सिंह, राजपाल, राधेश्याम, शंकर सिंह आदि

# अवैध मिट्टी खनन में लगे डम्पर बने परेशानी का सबब, कार्रवाई होगी कब

## प्रशासन को गंभीर हादसे का इंतजार?

**धामपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन का मामला लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है। यहां दिन-रात बड़े-बड़े डंपरों के जरिए मिट्टी का भराव किया जा रहा है, जिससे न केवल नियमों की अनदेखी हो रही है, बल्कि आमजन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे मामले में प्रशासन अब तक कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है।



बताया जा रहा है कि जिस मार्ग से यह अवैध डंपर गुजर रहे हैं, उसी रास्ते पर कई स्कूल और सार्वजनिक स्थल स्थित हैं। जहां दिनभर बच्चों और आम लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में तेज गति से दौड़ते ये भारी डंपर कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों में इस स्थिति को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले अवैध खनन का काम रात के अंधेरे में चोरी-छिपे किया जाता था, लेकिन अब यह गतिविधि दिन में भी खुलेआम चल रही है। बड़े-बड़े डंपरों की आवाजाही इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने यह भी आशंका जताई है कि कहीं न कहीं इस पूरे मामले में प्रशासनिक ढिलाई या मिलीभगत के चलते तो कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और डंपरों पर सख्त कार्रवाई कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



# स्मार्ट मीटर की स्पीड हाई उपभोक्ताओं की नींद उड़ाई

**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर के मोहल्ला शीशग्रान निवासी मोहम्मद नदीम ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया कि वह एक विकलांग व्यक्ति है और सरकारी स्टांप पेपर वेंडर है। नदीम का कहना है कि उनका घरेलू मीटर जो कि उनकी माता जी के नाम से है बिना किसी अनुमति के विद्युत विभाग द्वारा लगभग 6 माह पहले सादा मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिया है, जिससे अत्यधिक राशि का बिल आ रहा है। विद्युत विभाग का कोई कर्मचारी यह बताने को तैयार नहीं की प्रति यूनीट का रेंट क्या है और कितने यूनिट देने के लिए बाध्य हैं। नगर की अधिकतर जनता गरीब व अशिक्षित हैं। उनका कहना है कि स्मार्ट मीटर तेजी से दौड़ता है, जिससे अत्यधिक बिल आता है। विद्युत विभाग के प्रति लोगों में तीव्र रोष व्याप्त है। जिलाधिकारी ने जांच कराकर उचित कार्यवाही करने आश्वासन दिया है।

# रंजिशन लगाई आग, जीवो ट्रैक्टर और दो कुंतल स्ट्राबेरी जलकर राख



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विगत रात्रि क्षेत्र के ग्राम दिनौड़ा में दो स्थानों पर अज्ञात व्यक्तियों ने रंजिशन आग लगा दी। एक स्थान पर छोटा ट्रैक्टर बुरी तरह से जल गया, जबकि दूसरे स्थान पर स्ट्रॉबेरी के फार्म पर स्थित झोपड़ी स्ट्रॉबेरी एवं अन्य सामान सहित जलकर राख हो गई। नांगल थानांतर्गत ग्राम दिनौड़ा निवासी अब्दुल हक पुत्र जमीर का घेर घर के समीप ही स्थित है। बंद घेर के आंगन में उसका महिन्द्रा कम्पनी का जीवो ट्रैक्टर (छोटा ट्रैक्टर) खड़ा था, अब्दुल हक ने बताया कि रंजिश के चलते अज्ञात व्यक्ति ने दीवार फांदकर घेर में घुसकर उसके जीवो ट्रैक्टर में आग लगा दी। ट्रैक्टर बुरी तरह से जल गया। उसने यह ट्रैक्टर पिछले वर्ष ही खरीदा था। आज तड़के पशुओं को चारा डालने के लिये वह अपने घेर में गया, तो ट्रैक्टर जला हुआ पाया। अब्दुल हक का कहना है कि कई लाख का ट्रैक्टर जलकर बेकार हो गया। दूसरी घटना बस्ती से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित स्ट्रॉबेरी के फार्म पर घटी। दिनौड़ा निवासी नसीम अहमद तथा उसके भतीजे मौ. अनीस ने अपने खेतों पर स्ट्रॉबेरी की खेती कर रखी है, वहां उन्होंने एक बड़ी झोपड़ी डाल रखी थी। उसी झोपड़ी में तमाम सामान रखा रहता था। आज तड़के वे वहां पर पहुंचे, तो झोपड़ी तथा वहां रखा तमाम सामान पूरी तरह राख बना हुआ था। नसीम तथा अनीस ने बताया कि कल उन्होंने लगभग पौने दो कुंतल स्ट्रॉबेरी तुड़वाकर गत्ते की 36 पेटियों में पैक करके झोपड़ी में रखवाई थी। आज वह स्ट्रॉबेरी बिक्री के लिये जानी थी। झोपड़ी में कल मंगाया गया 17 हजार रूपये का पेटियों का गत्ता, लगभग 35 हजार रूपये की पन्नी, खाद के कट्टे, दवाई, स्प्रे करने वाली दो मशीनें, तौल कांटा, चारपाई, तख्त आदि सामान भी रखा था, जो जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि घटनाओं की जांच कराई जा रही है।

## दिनौड़ी में भी बोलेरो का टायर जला दिया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम दिनौड़ा में एक स्थान पर खड़ी बोलेरो गाड़ी का टायर भी जला दिया गया , जबकि स्कॉर्पियो गाड़ी का टायर जलाने का प्रयास किया गया। ग्राम निवासी अहसान पुत्र खलील की स्कॉर्पियो तथा अहसान पुत्र बाबू की बोलेरो गाड़ियां एक खुले स्थान पर खड़ी हुई थीं। बोलेरो गाड़ी टैक्सी के रूप में चलाई जा रही है। आज सुबह अहसान पुत्र खलील ने उठकर देखा कि उसकी स्कॉर्पियो के टायर को जलाने का प्रयास किया गया है। टायर आग के प्रभाव से थोड़ा काला हो रहा है , लेकिन टायर जलने से बच गया। जबकि बोलेरो का टायर जला दिया गया। एक ही रात में तीन स्थानों पर आग लगाये जाने से गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

# असाध्य नहीं है गुदा रोग, बस लापरवाही न बरतें लोग

-विपिन भारद्वाज



**बिजनौर ( चिंगारी )।** यदि आप बवासीर, भगंदर, फिशर, गुदा फोड़ा अथवा अन्य कोलोरेक्टल की समस्याओं से ग्रस्त हैं तो अब चिंतित होने की जरूरत नहीं है। यह कोई असाध्य रोग नहीं है। बस जरूरत है अनुभवी विशेषज्ञ द्वारा समय पर उपचार कराने की, जिसके लिये अब आपको महानगरों में नहीं भटकना पड़ेगा, क्योंकि अब इन रोगों का इलाज बिजनौर में ही संभव है।

## डॉ. सुधांशु चौधरी बने वरदान



रोगियों के इलाज में सिर्फ दवाइयों की ही नहीं, बल्कि चिकित्सक के करूणामयी व्यवहार, संवेदनशीलता और सेवाभाव आदि की भी नितांत आवश्यकता होती है। गाजियाबाद, नोएडा, गुड़गाड़ जैसे महानगरों में बड़ा नाम गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी भी इस कसौटी पर खरे उतरते हैं।

## हफ्ते में दो बार बिजनौर में

माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को बिजनौर में बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर पर तथा प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) स्थित श्री साईं हॉस्पिटल में बैठकर रोगों का सटीक निदान व परामर्श दे रहे हैं।

## गुदा रोगों के कारण

अनियमित दिनचर्या, कम फाइबर वाला (फल, हरी सब्जी, सलाद) अथवा ज्यादा तला-भूना मसालेदार भोजन, मोटापा, तनाव व कम पानी पीना, कब्ज व ज्यादा सीटिंग से नसों पर दबाव पड़ने से आंतों का स्वास्थ्य खराब होना, उक्त रोगों के मुख्य कारण हो सकते हैं।

## बचाव

डॉ. सुधांशु का स्पष्ट कहना है कि 24 घंटे में सिर्फ एक घंटा प्रतिदिन अपने लिये अवश्य निकालें, उसमें सुबह हल्की सैर, व्यायाम, ज्यादा पानी पियें व समय पर फ्रेश (मल त्याग), तला-भूना अत्यधिक, चिकनाई के स्थान पर फाइबर युक्त भोजन लें। भोजन के उपरांत सौंफ मिश्री लेना भी आदत में शामिल करें।

## सुविधायें-

अत्याधुनिक ट्रीटमेंट द्वारा बिना आप्रेशन व बिना चीड़फाड़ के बगैर भर्ती किये स्थायी इलाज, जिससे जीवन में इन रोगों की पुनरावृत्ति नहीं होती। साफ-सुथरा वातावरण आधुनिक उपकरण मेडिकल स्टोर के साथ अनुभवी टीम, मरीजों को पूर्ण भरोसा व सुविधा प्रदान करती है।

## लापरवाही न बरतें

डॉ. सुधांशु का कहना है कि आज के दौर में कोई भी रोग बड़ा व असाध्य नहीं है। लापरवाही के चलते हम इन्हें बड़ा बना लेते हैं। भय व शर्म को त्याग कर यदि समय से रोग के आरंभिक चरण में ही रोगी उनके पास आ जाता है तो उसे ठीक होने में मात्र 10 दिन लगते हैं।

## सम्पर्क सूत्र-

**असुविधा से बचने के लिये मो. 7302127966, 9411226422 व 9871884104 पर सम्पर्क करें और अपने जीवन में पुन: आराम और आत्मविश्वास वापस लाकर खुशहाली जीवन की ओर एक कदम बढ़ायें।**

# रिश्तेदार ने इसरार की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था

## पुलिस ने शव बरामद कर पीएम को भेजा ▶▶| दो आरोपी गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला हजरतनगर निवासी इसरार अहमद पुत्र अकबर अली करीब पौने दो माह पूर्व अपने रिश्तेदार के साथ कपड़े का कारोबार करने तिबड़ी गया था, जहां से लापता हो गया था। इसरार के भाई अफसर अली ने गत फ़रवरी माह में धामपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका भाई इसरार घर से 1 लाख 95 हज़ार रुपए नकद, एक लाख का चैक व 99 हज़ार रुपए के बैंक खाते लेकर धामपुर थाना क्षेत्र के गांव तिबड़ी निवासी अपने रिश्तेदार आशु सिद्दीकी के पास कपड़े का कारोबार करने गया था। अफ़सर का कहना है कि गत 22 फ़रवरी को आशु सिद्दीकी का फ़ोन आया था कि वह उसके भाई इसरार को कल स्योहारा छोड़कर आया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। पुलिस ने अफ़सर की तहरीर पर इसरार की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई थी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अफ़सर ने अपने भाई के साथ किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए धामपुर पुलिस से कार्यवाही करने का अनुरोध किया था। बताया गया कि पुलिस ने इसरार के फ़ोन की जांच पड़ताल करते हुए ग्राम तिबड़ी निवासी आशु सिद्दीकी व उसके एक साथी को उठाकर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने इसरार की हत्या करना स्वीकार करते हुए उसका शव दौलतपुर रामगंगा पोषक नहर में डालने की बात की थी। शनिवार को धामपुर पुलिस आरोपियों को साथ लेकर दौलतपुर रामगंगा पोषक नहर में इसरार का शव तलाशती रही, लेकिन कोई सफ़लता नहीं मिली। रविवार को फिर धामपुर पुलिस आरोपियों को लेकर शव को तलाश करने दौलतपुर पहुंची, जहां देर शाम रामगंगा पोषक नहर में शव बरामद हुआ।


मृतक इसरार का फाइल फ़ोटो

# भाजपाइयों ने ग्रामीणों से की बात लाभार्थियों से भी की मुलाक़ात

ग्रामीणों से सम्पर्क करते भाजपाई


**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे गांव चलो अभियान-2026 के अंतर्गत पार्टी के नांगल मण्डल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ पूंडरी खुर्द, बरकातपुर, सबलपुर बींतरा, पूंडरी कलां आदि गांवों में जाकर लोगों से सम्पर्क करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थियों से मुलाकात की गई तथा उनसे योजनाओं का फीडबैक लिया गया। धार्मिक स्थलों की सफाई की गई तथा कार्यकर्ताओं को पार्टी की मजबूती के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ओमकार आज़ाद, अनिल कुमार, पुनीत त्यागी, डा. घनश्याम राजपूत, अभिषेक राजपूत, प्रदीप राजपूत, जितेन्द्र कुमार, अजय अग्रवाल, मनोहर, दीपक राजपूत, देवेन्द्र राजपूत, अरुण, युगरीस कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 'ये खुशियों की घड़ियां मुबारक तुम्हें, ये फूलों की लड़ियां मुबारक तुम्हें'

## पारिजात साहित्यिक मंच की काव्य गोष्ठी

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** पारिजात साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष तथा लोकप्रिय गीतकार सुभाष मलिक के टी-क्लस्टर, शिवालिक नगर स्थित निवास पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन करके नगर के अनेक कवियों ने उन्हें वैवाहिक वर्षगांठ की बधाईयां व शुभकामनाएं दीं। गोष्ठी में कवि साधुराम 'पल्लव' की भावनाएं थीं- 'ये खुशियों की घड़ियां मुबारक तुम्हें, ये फूलों की लड़ियां मुबारक तुम्हें' के साथ व्यक्त की। चेतना पथ संपादक व गीतकार अरुण कुमार पाठक की शिकायत थी 'कैसे कह दूं कि मुलाक़ात नहीं होती है, रोज़ मिलते हैं, मगर बात नहीं होती है', इमरान बदायूंनी ने पूछा- 'कौन था तेरे बाद, कि जिसने कोशिश की समझने की।' वरिष्ठ पत्रकार व कवि बृजेन्द्र हर्ष ने स्पष्ट किया- 'कितने सपने होते अपने कितने प्रहार निसार रहे हैं, नयन वही अर्पण है जो बस अपनी और निहार रहे हैं।' युवा जोश की कवियित्री वृंदा वाणी ने 'मानव को जो राह दिखाए, गीता वह दिव्य विधान है' तथा डॉ. सुशील कुमार त्यागी 'अमित' ने मानव जन्म मिला हमको ये ईश्वर का उपकार है' प्रस्तुत कर अध्यात्म की दिव्य लौ जगाई, तो डॉ. अशोक गिरि की तकरीर थी 'बेवजह किसी को न सताया जाए, दबे हुए को और न दबाया जाए।' ऑक्सीजन गैस की विशेषताएं कुंवरपाल सिंह 'धवल' ने- 'है ताक़त आग कि मुझसे मेरे बिन जल नहीं सकती' कह कर समझाईं। मेजबान वरिष्ठ कवि सुभाष मलिक ने 'पनघट ऊपर नहीं दीखती अब पीपल की छोव, जहो महकती थी मंजरियां कहां गए वो गांव' कहकर ग्रामीण परिवेश का चित्र खींचा। अध्यक्षता बृजेन्द्र हर्ष ने की, जबकि कुशल संचालन दीपशिखा के सचिव डॉ. सुशील कुमार त्यागी 'अमित' ने किया।



# लड़की के चक्कर में उमर घुसा घर में

## घरवालों ने पकड़ा

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव शफीपुर बलदाना निवासी एक महिला ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नजदीकी गांव कुंडा खुर्द निवासी युवक उमर पुत्र यूसुफ उसकी नाबालिग बेटी पर बुरी नज़र रखता है। बीती रात करीब 2 बजे आरोपी उमर उसके घर में घुस गया तथा बुरी नीयत से उसकी बेटी को पकड़ लिया। आहट होने पर परिजन जाग गए तथा उमर को पकड़ लिया। घटना की सूचना युवक के परिजनों को दी, लेकिन कोई नहीं आया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# त्यौहार देते हमें भाईचारे का संदेश इस मौके पर न करें कोई क्लेश

**किरतपुर ( चिंगारी )।** आगामी अम्बेडकर जयंती के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने जयंती आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का आव्हान किया। शनिवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, धर्म गुरु, ग्राम प्रधानों एवं वार्ड सभासदों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि त्यौहार प्रेम का संदेश देते हैं। इन्हें आपसी भाईचारे और सौहार्द से मनाना चाहिये। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म से किसी भी प्रकार की अफ़वाहों पर ध्यान न दें। किसी भी घटना अथवा अफवाह की सूचना तुरंत संबंधित पुलिस चौकी और थाने में दी जाये। थाने के सीयूजी नम्बर पर तुरंत सूचना दें। इस मौके पर सभासद अखिलेश कुमार, हरस्वरूप सिंह, डा. अजब सिंह, सभासद डा. मौअज्जिज यार खां एवं वरिष्ठ पत्रकार पीके चौहान व मौ. याकूब एवं मेहरबान आदि उपस्थित रहे।


थाना प्रभारी ने कहा

# कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर में शनिवार को एमआईएमटी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव, एमआईएमटी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन (डॉ.) शादाब खान, डायरेक्टर मोहम्मद हम्माद खान, प्लेसमेंट कोर्डिनेटर (डॉ.) यश अग्रवाल, मिस्टर रविंद्र सिंह एचआर मैनेजर, मिस्टर गाज़ी के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कॅरिअर कॉउंसलर एवं एचआर मैनेजर मिस्टर विपुल रस्तोगी ने इस कार्यक्रम का संचालन किया एवं सभी छात्र/छात्राओं को इंटरव्यू फेस करने के तरीकों के बारे में अवगत कराया। कॉलेज प्राचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना एवं उन्हें कॉर्पोरेट क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। इस कार्यक्रम में आइवरी स्क्रिड प्राइवेट लिमिटेड, आईसीआर आईटी, मैच वर्कर्स, वोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कम्पनियों ने साक्षात्कार में कई छात्र/छात्राओं को जॉब ऑफर की। एमआईएमटी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की चयन टीम ने विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के माध्यम से उनकी योग्यता का आकलन किया। इस प्रक्रिया में 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें से प्रथम चरण में 10 छात्रों का चयन किया गया।



# महाराज गौरवानंद मुनि को दी गई आचार्य महामंडलेश्वर की जिम्मेदारी

## नशे और दहेज प्रथा जैसी कुरीति को त्यागने का दिलाया गया सकंल्प



पटाभिषेक कार्यक्रम में मौजूद संत समाज।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के एक मंडप में श्री पंचायती अखाड़ा देवऋषि का वार्षिक अधिवेशन हवन के साथ शुरू हुआ। अधिवेशन में आए अखाड़े के संरक्षक एवं नानक शाही पीठाधीश्वर स्वामी दयानंद मुनि ने कहा कि संत समाज को एकजुट रहना चाहिए, चाहे वह किसी भी संप्रदाय व पंथ के हो।

उन्होंने सनातन धर्म में नशे और दहेज प्रथा जैसी कुरीति को त्यागने का संकल्प दिलवाया। अधिवेशन में आए अखाड़े के संतों ने मंत्रोच्चारण के बाद उदासीन संत गौरवानंद मुनि को अखाड़े का आचार्य महामंडलेश्वर घोषित किया और साथ ही सनातन धर्म का प्रचार करने के साथ ही लोगों से नशे से दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया। धामपुर के इन्फो व्हाइट हाउस में हुए कार्यक्रम में आए अखाड़े के प्रमुख स्वामी हरमनोजदास और अखाड़े के सचिव महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्ण उपाध्याय के संरक्षक स्वामी दयानंद मुनि जी ने गौरवानंद मुनि पर फूल बरसाकर शंखनाद के साथ आचार्य महामंडलेश्वर घोषित कर कार्यक्रम किया। अधिवेशन में आचार्य महामंडलेश्वर का पटाभिषेक करने के पश्चात आचार्य महामंडलेश्वर के द्वारा सभी संत जनों ने अखाड़े में कथा वाचक राजेंद्र तिवारी जी महाराज को महामंडलेश्वर, देवनायक दास जी महाराज को महामंडलेश्वर, गोपाल दास जी महाराज को मंडलेश्वर, डॉक्टर दिनेश चंद भारद्वाज को महामंडलेश्वर एवं अखाड़ा पुरोहित के पदों पर नियुक्त किया गया। अधिवेशन में सभी संतो ने हिंदू राष्ट्र बनाने गौमाता की रक्षा एवं सुरक्षा पर विचार मंथन किया और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अधिवेशन में बुराइयों को छोड़ने के लिए संतो को समाज में आकर समाज का उत्थान करने पर बल दिया गया।

# मंगलगान कार्यक्रम आयोजित किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** भगवान श्री ऋषभनाथ जी के पंचकल्याणक महोत्सव पर पाड़ला स्थित मंदिर में मंगलगान कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्री समर्पण सागर जी महाराज के सानिध्य में भगवान ऋषभनाथ जी का गुणगान किया। देर रात्रि को पाड़ला स्थित भगवान विश्वनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और भगवान ऋषभ नाथ जी का मंगलगान किया। इस अवसर पर समर्पण सागर जी महाराज उपस्थित रहे। मंगलगान बहुत धूमधाम एवं भक्ति उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमे श्रद्धालुओं में भगवान ऋषभनाथ का गुणगान एवं भजन प्रस्तुत किया। वही भगवान ऋषभनाथ मंदिर विद्युत लाइटों में आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर प्रबंधक राजीव जैन, सौरभ जैन, पंकज जैन, दीपक जैन, नीरज जैन, अनुज गोयल, आशु जैन, प्रत्यूष जैन, पुनीत जैन, नूतन जैन, रेणु जैन, मंजू जैन, रिया जैन, अनीता जैन, प्रिशा जैन, रीता जैन, हैप्पी जैन, अंकुर जैन, शैलेंद्र कुमार जैन, ऋषभ जैन पुनीत कुमार जैन सिद्धांत जैन शुभम कुमार जैन आदि श्रदालु उपस्थित रहे।

# कांता प्रसाद पुष्पक ने सेवानिवृत्ति पर अपने शिक्षकों को सम्मानित किया



**स्योहारा ( चिंगारी )।** सेवानिवृत्ति पर नगर के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक कांता प्रसाद पुष्पक द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विद्यार्थी खंड काल के वरिष्ठ गुरुजनों को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यापक मनोज दुबे के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी एसपी रवि चतुर्वेदी लखनऊ के द्वारा की गई। इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापक मुबारक हुसैन, अब्दुल हफीज खान, अतीक अहमद, डॉक्टर रामावतार, निगहत परवीन सेवानिवृत्ति राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता प्रधानाचार्य, राजेंद्र प्रसाद शर्मा सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य आरएसपी इंटर कॉलेज, राधेश्याम छाबड़ा पूर्व प्रधानाचार्य आर एस पी इंटर कॉलेज, डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, आरएस इंटर पी कॉलेज की प्रबंधक रानी संयोगिता सिंह, डॉक्टर लिपि सेन वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रश्मि वर्मा, डॉक्टर विशाल सैनी, राजवीर सिंह पीलीभीत, महावीर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष लोक दल बिजनौर, निरूपमा सिंह हिंदी कवियत्री और लेखिका मधुबाला शर्मा प्रधानाचार्या एसपी इंटर कॉलेज, मेहराजुद्दीन प्रधानाचार्य मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत अध्यापक कांता प्रसाद पुष्पक ने कहा कि मंचसीन वरिष्ठ अध्यापकों का उनके 33 वर्ष के सर्विस काल में बहुत बड़ा योगदान है। उनकी इच्छा थी कि वह सेवानिवृत्ति पर अपने विद्यार्थी खंड कल के गुरुओं का सम्मान करें। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# उदित प्रजापति को सम्मानित किया



छात्र को सम्मानित करते हुए क्षत्रिय बंधु।

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम ठाट जट के होनहार युवा उदित प्रजापति के UPPSC परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर पूरे ग्राम में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में उनके आवास पर पहुंचे प्रेम कुमार, महेंद्र सिंह, शोभा राजपूत, निर्दोष राजपूत, ओम प्रकाश ( डायरेक्टर साहब, जिला उपाध्यक्ष ) ने उदित कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। परिवार की ओर से तेजपाल सिंह (अध्यापक), मुकेश कुमार, अनिल कुमार, मीना, मेहरा, और सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# अकील अंसारी ने दिया बल

## सब लखनऊ चलें कल

**चांदपुर ( चिंगारी )। बहुजन समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने क्षेत्र के अनेक गांवों में जाकर लोगों से संपर्क कर कल 14 अप्रैल को बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर लखनऊ के गोमती नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस दौरान अकील अंसारी ने बताया कि मायावती को उत्तर प्रदेश का 5वीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का भी आह्वान किया।**



# परमेश्वर को चढ़ाते रहो आराधना के फूल, हट जायेंगे तुम्हारे मार्ग के सब शूल

## बाबा फुलसंदे वालों का प्रवचन

**नहटौर ( चिंगारी )।** सतपुरुष बाबा फुलसन्दे वाले कहते हैं कि गुरु में भक्ति और निष्ठा को बढ़ाओगे तो तुम्हारा मार्ग और भी सहज हो जायेगा। परमेश्वर तो परम पवित्र है, उसे बिना तपस्या के प्राप्त नहीं किया जा सकता। रविवार को सतपुरुष बाबा फुलसंदे वाले कोतवाली ग्रेड स्थित आश्रम में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य और असत्य का विचार करते रहो और आत्मा के अनन्त प्रकाश में विराजमान परमेश्वर को



आराधना के फूल चढ़ाते रहो। गुरु मन्त्र के जपने से मनुष्य जितना पवित्र होता है, उतना और किसी भी साधन से नहीं हो सकता। ध्यान और जप से पुराने पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि घंटों लम्बी प्रार्थना से अच्छी प्रार्थना वो है कि जो एकाग्र मन से ध्यानपूर्वक की जाती है। घंटों तक ग्रंथ का पाठ करने से केवल एक लाइन का वो वचन श्रेष्ठ है, जिस पर तुम अमल कर सको। साधना करने से पिछले कर्मों के बन्धन कट जाते हैं, किन्तु बिना सतगुरु की प्रेम भक्ति के ईश्वर दर्शन किसी को नहीं होता। जप-तप से इन्द्रियां संयमित और आत्मा महान उज्जवलता को प्राप्त हो जाती है। अपनी साधना और आराधना आज से नहीं बल्कि अभी से शुरु कर दो, बाद में तो कुछ भी होना सम्भव नहीं। ज्यादा से ज्यादा आराधना, जप, तप और ध्यान करो अगर तुम कठिन परिश्रम से घबराते हो तो आपको परमेश्वर की प्राप्ति नहीं हो पाएगी।



# राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 14 अप्रैल 2026**

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आपसी सद्भाव, नवसमाचार से प्रसन्नता।

वृषभ- आरोग्य सुख में वृद्धि, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, धनागम का मार्ग प्रशस्त, सोचे हुए कार्य सफल, आत्मिक शांति, दूसरों की सलाह मान्य।

मिथुन- अड़चनों का समापन, विशिष्टजनों से सहयोग, इच्छाशक्ति जागृत, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्न, मंगल आयोजन सम्पन्न, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

कर्क- सफलता का मार्ग अवरुद्ध, कार्य-व्यवसाय में असंतोष, गलतफहमियों के शिकार, स्वयं की प्रतिभा कुंठित, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, यात्रा विफल।

सिंह- आत्मशक्ति का विकास, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, वैवाहिक जीवन संतोष-जनक, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, यात्रा सुखद।

कन्या- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, लाभ का पर्याप्त अवसर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, मानसिक शांति।

तुला- सद्विचारों का उदय, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, वैवाहिक समस्या का विकास, भोग-विलासिता की ओर रुझान, शुभ समाचार मिलने से खुशी।

वृश्चिक-स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद की आशंका, कर्ज से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तनाव, योजना अधूरी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, मानसिक अशांति।

धनु- दिन अनुकूल, नौकरी में प्रोन्नति, समस्याओं का पूर्ण समाधान, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में अधिक व्यय, गलतफहमी दूर होने को।

मकर- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, व्यापार में धन निवेश, इच्छाशक्ति जागृत, प्रियजनों से विचार-विमर्श, महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन।

कुम्भ- स्वास्थ्य में सुधार, स्वयं का निर्णय हितकर, उत्तरदायित्व हेतु प्रयास, धन सम्पत्ति मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मीन- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, योजना पूर्ति में अड़चनें, अप्रिय घटना से मन अशांत, धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि, प्रेम सम्बन्धों में तनाव, वाहन से भय, सम्मान में कमी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722


# जलियांवाला बाग : बलिदान, बर्बरता और स्वतंत्रता की चेतना का अमर प्रतीक

## 13 अप्रैल : जलियांवाला बाग स्मृति दिवस

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में कुछ ऐसे अध्याय हैं, जिन्हें पढ़ते समय केवल जानकारी नहीं मिलती, बल्कि हृदय भीतर तक विचलित हो उठता है। 13 अप्रैल 1919 का दिन जब अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे, शांतिपूर्ण नागरिकों पर गोलियां बरसाई गईं। ऐसा ही एक काला दिन है, जिसने न केवल ब्रिटिश शासन की क्रूरता को उजागर किया, बल्कि भारतीयों के मन में स्वतंत्रता की ज्वाला को और अधिक प्रज्वलित कर दिया।

बैसाखी का पर्व जो पंजाब में उल्लास, फसल और नये जीवन का प्रतीक होता है, उसी दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए थे। वे निहत्थे थे, सामान्य नागरिक थे। महिलाएं, पुरुष, बच्चे जो अपने अधिकारों की बात करने और रॉलेट एक्ट जैसे दमनकारी कानूनों के विरोध में शांतिपूर्ण सभा कर रहे थे, लेकिन उस दिन जो हुआ, वह मानवता के इतिहास पर एक अमिट कलंक बन गया।

ब्रिगेडियर जनरल डायर के आदेश पर बिना किसी चेतावनी के सैनिकों ने भीड़ पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। लोग भागने के लिए रास्ता खोजते रहे, परंतु बाग के संकरे द्वारों ने उन्हें कैद कर दिया। अनेक लोग अपनी जान बचाने के लिए कुएं में कूद पड़े, पर वहां भी मृत्यु उनका इंतजार कर रही थी। कुछ ही मिनटों में सैकड़ों निर्दोष लोग शहीद हो गए और हजारों घायल हो गए। यह केवल एक नरसंहार नहीं था, बल्कि मानवता, न्याय और अधिकारों का निर्मम दमन था। जलियांवाला बाग की इस त्रासदी ने पूरे देश को



झकझोर दिया। यह वह क्षण था जब भारतीयों के मन में ब्रिटिश शासन के प्रति बची-खुची आस्था भी समाप्त हो गई। महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन का आह्वान किया, और देशभर में स्वतंत्रता की चेतना नई ऊर्जा के साथ फैलने लगी। यह घटना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक मोड़ बन गई।

इस घटना की स्मृति हमें केवल अतीत की पीड़ा का अहसास नहीं कराती, बल्कि यह हमें यह भी सिखाती है कि स्वतंत्रता कितनी कठिनाई से प्राप्त होती है। आज हम जिस स्वतंत्रता का आनंद लेते हैं, वह उन असंख्य बलिदानों की देन है, जिन्हें हम कभी भूल नहीं सकते।

यह दिवस हमें सत्ता और शक्ति के दुरुपयोग के प्रति भी सचेत करता है। जब सत्ता संवेदनहीन हो जाती है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाती है। इसलिए लोकतंत्र में नागरिकों की जागरूकता, अधिकारों की रक्षा और न्याय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है।

आज, जब हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, तो यह केवल एक औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। यह एक संकल्प का क्षण होना चाहिए कि हम अपने देश की स्वतंत्रता, एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेंगे। हम उस इतिहास को याद रखेंगे, जिसने हमें यह सिखाया कि अन्याय के सामने मौन रहना भी एक प्रकार का अपराध है।

अंततः जलियांवाला बाग केवल एक स्थान नहीं, बल्कि एक चेतना है। एक ऐसी चेतना, जो हमें हर युग में अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और मानवता की रक्षा करने की प्रेरणा देती है।

-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'




# यूनिवर्सल एकेडमी में हुई विशेष असेंबली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा दसवीं के छात्रों ने बैसाखी, अंबेडकर जयंती, जलियांवाला बाग स्मृति दिवस पर एक विशेष असेंबली प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के महत्व को बताया। बैसाखी के अवसर पर विद्यार्थियों ने इस पर्व के सांस्कृतिक एवं कृषि महत्व को प्रस्तुत किया, जो फसल कटाई और खुशहाली का प्रतीक है। रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से उत्सव का उत्साह प्रदर्शित किया गया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर एक लघु नाट्य प्रस्तुति एवं भाषण भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी और उपप्रधानाचार्या श्रीमती खुशबू कर्णवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सभी को इतिहास से प्रेरणा लेने तथा एकता, समानता एवं देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सामूहिक दुष्कर्म और चोरी की वारदात का फ़रार आरोपी गिरफ़्तार



**नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग के साथ बहला-फुसलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने व किशोरी के परिजनों को चाय में नशीली गोलियां देकर बेहोश कर चोरी की वारदात हुई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए एक बाल अपचारी को हिरासत में लेते हुए घटना के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया था, जबकि एक आरोपी रितेश पुत्र चन्द्रपाल सिंह मौके से फरार हो गया था। रविवार को थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार व उपनिरीक्षक अमूल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रितेश को धामपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया सामान एक मंगलसूत्र, एक पेंडल, एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी बूंदे, दो अंगूठी, चार कंगन, एक गले का सेट, दो जोड़ी पायल व दो जोड़ी बिछ्वे बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।**

# एजेंसी के वाहन में गैस रिफलिंग करते चालक एवं उसका सहयोगी रंगे हाथ थमे

## आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जनपद में एलपीजी गैस की कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। ऋषिकेश क्षेत्र के बनखण्डी में एक वाहन संख्या यू के 14 सीए-6186 में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी सविन बसंल ने प्रकरण की जांच कराई जिसमें पाया गया कि उक्त वाहन ऋषिकेश स्थित मै.अंकुर गैस एजेंसी, प्रगति विहार से संबंधित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया। एजेंसी प्रबंधन द्वारा बताया गया कि संबंधित वाहन चालक योगेन्द्र कुमार एवं उसके सहयोगी आशीष को वीडियो सामने आने के बाद दोनों को कार्य से हटा दिया गया है। अभिलेखों की जांच में उक्त व्यक्तियों के संबंध में एजेंसी के पास कोई विधिवत सत्यापन अथवा नियुक्ति संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं पाए गए। जिला प्रशासन की क्यू आरटी टीम द्वारा अभिलेखों के परीक्षण में यह भी पाया गया कि 12 अप्रैल2026 तक उक्त वाहन एवं चालक को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही थी, जिससे एजेंसी की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हुई। उक्त प्रकरण में वाहन चालक योगेन्द्र कुमार



पुत्र गुलाब सिंह, निवासी आदर्श नगर, हरि विहार, बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा), उनके सहयोगी आशीष तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये हैं कि गैस की कालाबाजारी, अवैध रिफिलिंग एवं उपभोक्ताओं के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने समस्त कार्मिकों का सत्यापन सुनिश्चित करें तथा वितरण प्रणाली को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित करें।

**जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों के क्रम में जनपद में एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने हेतु गठित क्विक रिस्पॉन्स टीम ( क्यूआरटी ) द्वारा सतत प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित 1077, 0135-2626066, 2726066 और व्हाट्सएप नंबर 7534826066 के माध्यम से कुल 12 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोलरूम में मौजूद जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में एलपीजी गैस की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता या अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।**

# आशा जी का निधन संगीत जगत की बड़ी क्षति : प्रेमचन्द

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वर कोकिला आशा भोंसले के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. अग्रवाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि आशा भोसले जी ने अपनी मधुर एवं बहुआयामी आवाज़ से न केवल भारतीय संगीत को समृद्ध किया, बल्कि देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनके द्वारा गाये गये हजारों गीत आज भी संगीत प्रेमियों के हृदय में बसे हुए हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आशा भोसले जी का जीवन संगीत के प्रति समर्पण, साधना और उत्कृष्टता का अद्भुत उदाहरण है। उनका जाना कला एवं संगीत की दुनिया के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपायी संभव नहीं है।डॉ. अग्रवाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।



# स्क्रीनिंग परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की पद स्थापना करने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल शाखा ने प्रदेश के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों की पदस्थापना करने की मांग की है। इस संबध में मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत व मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान की ओर से प्रांतीय नेतृत्व को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले साल 25 सितंबर को अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में पदस्थापना के लिए शिक्षकों की स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका अक्टूबर माह में परीक्षाफल भी घोषित कर दिया गया। परंतु लगभग छह माह का समय व्यतीत होने के बाद भी स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल शिक्षकों की पद स्थापना नहीं की गई, इस कारण शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। अभी तक समस्या समाधान के लिए विभागीय स्तर पर भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन में प्रांतीय नेतृत्व से स्क्रीनिंग परीक्षा पास किये शिक्षकों की पद स्थापना के संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की।

# जीजीआईसी में 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बाल विकास परियोजना दुगड्डा की ओर से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कोटद्वार में 'अफसर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. योगिता कोठियाल ने बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं बेहतर करियर विकल्पों के संबंध में जानकारी दी। पुलिस विभाग की एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट से उप निरीक्षक सुमनलता ने बालिकाओं को सुरक्षा, नशे से दूर रहने तथा अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने के प्रति जागरुक किया। वहीं हेड कांस्टेबल विमला नेगी ने साइबर क्राइम से बचाव एवं ऑनलाइन सुरक्षा के उपायों पर जानकारी साझा की। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्र बिडालिया ने बालिकाओं को पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी, जबकि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संदीप बिष्ट ने छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के प्रति जागरूक किया। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान मेरे सपनों की उड़ान विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# हस्तिनापुर में सम्मानित हुये त्यागी बंधु

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** कवि बंधु डॉ. सुशील कुमार त्यागी अमित एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरिद्वार के जिला मंत्री डॉ. विजय कुमार त्यागी ने स्वर्गीय कुंवर जयकरण सिंह व श्रीमती राजमाता अत्री देवी की स्मृति में महाभारत कालीन नगरी हस्तिनापुर मेरठ (उत्तर प्रदेश) में प्रथम बार आयोजित हस्तिनापुर साहित्य उत्सव 2026 के अंतर्गत हंसापुर बहसूमा रियासत हस्तिनापुर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में हिंदी एवं संस्कृत भाषा में काव्य पाठ कर हरिद्वार नगरी का नाम रोशन किया। इस अवसर पर दोनों त्यागी बंधुओं को हंसापुर बहसूमा रियासत हस्तिनापुर की ओर से तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद अमरोहा के जिला अध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार ने शॉल तथा जयत्री पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर बी. डी. इंटर कॉलेज भगवानपुर हरिद्वार के शिक्षक रजत बहुखंडी तथा रणी इंटर कॉलेज भगवानपुर के शिक्षक श्री नितेश झागुड़ी ने भी बधाई दी तथा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर काव्य का रसास्वादन किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार डॉ. यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार तथा कवि श्री संदीप शजर ने किया।



# लकड़ी के गोदाम में लगी आग सारा सामान हुआ जल कर राख

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के मालगोदाम रोड पर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब एक लकड़ी के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मालगोदाम रोड स्थित एक लकड़ी के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया और आसपास की दुकानें भी इसकी चपेट में आ गई। आसपास के लोगों ने धुआं और आग की लपटें देख तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। राहत की बात यह रही कि रविवार होने के चलते घटना के समय दुकानें बंद होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



कोटद्वार के मालगोदाम रोड पर स्थित लकड़ी के एक गोदाम में रविवार को आग लग गई।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# श्रम कानूनों का पालन करें औद्योगिक इकाइयां

## मुख्यमंत्री बोले- श्रमिक हितों से समझौता स्वीकार्य नहीं

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं और उनके हालिया प्रदर्शनों का संज्ञान लिया। अफसरों को निर्देशित किया कि औद्योगिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और इकाई प्रबंधन से बात करके 24 घंटे में उनकी समस्याओं का समाधान करें। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि प्रत्येक श्रमिक के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्हें सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। अतिरिक्त कार्य के लिए नियमानुसार पारिश्रमिक दिया जाए। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विश्रामगृह, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना



प्रत्येक औद्योगिक इकाई की अनिवार्य जिम्मेदारी है। सीएम ने कार्य घंटों के नियमन, महिला श्रमिकों की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। श्रम विभाग को निर्देश दिये कि वह स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करके बातचीत करें। बड़ी, मध्यम एवं सूक्ष्म सभी प्रकार की औद्योगिक इकाइयों के साथ नियमित संवाद सुनिश्चित किया जाए। ताकि, समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही हो सके।

सीएम ने कहा कि कई बार बाहरी तत्व स्वयं को श्रमिक प्रतिनिधि बताकर अव्यवस्था उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। ऐसे तत्वों की पहचान करके उन्हें प्रक्रिया से अलग रखा जाए। हालिया कुछ प्रदर्शनों में ऐसे विघटनकारी तत्व शामिल हो सकते हैं। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए खुफिया तंत्र को सक्रिय करें। किसी भी प्रकार की भड़काऊ या अव्यवस्था फैलाने वालों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। सीएम ने गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी और गोरखपुर के जिलाधिकारियों सहित यूपीसीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं।

# तृणमूल है उत्तर बंगाल विरोधी, भाजपा है विकास का चालक: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए उसे उत्तर बंगाल विरोधी, आदिवासी विरोधी, चाय-बागान विरोधी और महिला एवं युवा विरोधी पार्टी करार दिया है। श्री मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के कावाखली मैदान में भाजपा के विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भाजपा को उत्तर बंगाल के विकास का चालक बताया। उन्होंने राज्य सरकार पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जब उत्तर बंगाल के अनेक जिलों में भारी बारिश से तबाही फैली, हर तरफ हाहाकार था, तब तृणमूल की निर्मम सरकार कोलकाता में जश्न मना रही थी।

# यूपी में कई जिलों में पारा 40 डिग्री के करीब पहुंचा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में शुष्क मौसम और तेज हवाओं के चलते गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है।

रविवार को कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में शुष्क मौसम के साथ 25 से 35 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल सकती हैं, जिससे गर्मी का असर और तेज महसूस होगा। प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 39.8°C दर्ज किया गया, जबकि वाराणसी स्थित बीएचयू में पारा 39.3°C तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में औसतन 7 से 9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे तापमान सामान्य के करीब पहुंच गया है। विभाग के मुताबिक शुष्क मौसम के साथ चल रही पश्चिमी हवाएं दिन में 20 से 30 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं, जिनकी गति झोंकों में 40 किमी. प्रति घंटे तक पहुंच रही है। हालांकि, 14 अप्रैल से इन तेज हवाओं के कमजोर पड़ने के आसार हैं। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के न होने के कारण मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके चलते तापमान में धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कई जिलों में पारा 40°C के पार जाने की संभावना है।







